50 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डांक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 9.0 °c
अधिकतम 24.8 °c

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 94127-10840, 9368549219 | संस्थापक : उत्तम चंद्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 6:57, सूर्यास्त : 5:20 | वर्ष : 50/ अंक : 332 | शनिवार, 03 दिसम्बर 2022 | मार्गशीर्ष, शुक्ल पक्ष, दशमी, सम्वत् 2079 | मूल्य 3 रु. | पृष्ठ-4

**आज की अमृतवाणी**

मुसीबत में अगर मदद मांगना हो तो सोच समझकर मांगना, क्योंकि मुसीबत थोड़ी देर के लिए होती है, और एहसान ज़िंदगी भर का।

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**

आजम खान के खिलाफ भड़काऊ भाषण देने का मामला दर्ज : रामपुर



इनकी बातों से ऐसा लगता है.... अब तो बस जेल ही ठिकाना है.....

# आरक्षण में वार्डों के कई पहलवान चित्त

## ▶ सभी 55 वार्डों की आरक्षण सूची जारी होते ही शुरू हुई असली दौड़ ▶ आरक्षण में पस्त कई बड़े लड़ाकों को अब मैदान में उतारने होंगे प्यादे

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसंबर (बु.)।** विधानसभा उपचुनाव की हलचल के बीच नगर पालिका परिषद के वार्डों के आरक्षण की सूची जारी होने के बाद अब जहां वार्डों के लिए दावेदारों की जोड़तोड़ शुरू हो गई है, वहीं कई वार्डों के आरक्षण में आ जाने के बाद ऐसे लोगों के हाथों के तोत्ते उड़ गए हैं, जिनके वार्ड आरक्षण में आ जाने से उनके चुनाव लड़ने की संभावनाएं ध्वस्त हो गई हैं।

नगर विकास विभाग के विशेष सचिव सुनील कुमार चौधरी की ओर से जारी आदेश के अनुसार नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के 55 वार्डों के आरक्षण की सूचना आज जारी कर दी गई। इसके बाद पालिका चुनावी अखाड़े के कई पहलवान चुनाव मैदान में उतरने से पहले ही चित्त हो गए हैं। इनके वार्ड आरक्षण में आ जाने के बाद अब उन्हें मन मसोस कर अपने प्यादे तलाश करने पड़ेंगे या फिर किसी को समर्थन देना पड़ेगा। आज शाम यह सूची जारी होते ही पालिका की सियासत के पंडित सक्रिय हो गए। इनमें चुनावी तैयारी में लगे दावेदारों की सबसे बड़ी चिंता इस बात को लेकर थी कि उनका वार्ड कहीं आरक्षण में तो नहीं आ गया है। सूची देखकर ऐसे कई लोगों के हाथों के हाथ निराशा लगी, जिन्हें उम्मीद थी कि उनका वार्ड आरक्षण से बच जाएगा। या ऐसे लोग जिन्हें उम्मीद थी कि उनका वार्ड उनके अनुरूप आरक्षण में आ जाएगा। ऐसे में उन लोगों की उम्मीदें ध्वस्त हो गई जो काफी समय से वोट की उम्मीद लिए इलाके के मतदाताओं के आगे पीछे घूम रहे थे। ऐसे दावेदारों को आज आरक्षण सूची में उनकी दावेदारी चुनाव लड़ने से पहले ही खारिज होने से उनकी उम्मीदों को 440 वोल्ट का झटका लगा। नगर पालिका परिषद के परिसीमन के बाद आज जारी सभी 55 वार्डों के आरक्षण के अनुसार इन वार्डों में 24 वार्ड अनारक्षित हैं। बारह वार्ड सामान्य महिलाओं के लिए आरक्षित किए गए हैं। पिछड़ा वर्ग पुरुषों के खाते में नौ सीटें गई हैं जबकि पिछड़ा वर्ग महिला के लिए पांच वार्ड आरक्षित रहेंगे। अनुसूचित जाति में पुरुषों के लिए तीन और महिलाओं के लिए दो वार्ड आरक्षित रहेंगे। ऐसे में वार्डों की आरक्षण व्यवस्था सामने आने के बाद अब तमाम लोगों को इन पर आपत्ति के लिए सात दिन का समय मिलेगा। इसके बाद वार्डों के आरक्षण की अंतिम स्थिति साफ हो जाएगी। हालांकि माना यही जा रहा है कि आपत्तियों के बावजूद आरक्षण की मौजूदा स्थिति में बदलाव काफी मुश्किल या कहें तो असंभव है। इसके बावजूद चुनावी लड़ाके काफी आपत्तियां देने की तैयारी कर रहे हैं।

### सात दिन में दे सकते हैं आपत्तियां

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसंबर (बु.)।** नगर विकास अनुभाग एक के विशेष सचिव द्वारा जारी आदेशों में बताया गया है कि वार्ड आरक्षण की इस अधिसूचना पर आपत्तियां आज प्रकाशन की तिथि से सात दिन के भीतर लिखित रूप में जिलाधिकारी कार्यालय में दी जा सकती हैं। इस अवधि के बाद मिलने वाली आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विशेष सचिव के जारी शासनादेश में अधिसूचना की तिथि को नवंबर से काटकर जिस तरह दिसंबर लिखा गया है, उससे साफ है कि पहले दिसंबर में यह अधिसूचना जारी करने की तैयारी थी।

### अब चेयरमैन पद के आरक्षण पर नजर

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसंबर (बु.)।** गुरूवार को 49 और आज बाकी सभी निकायों के वार्डों के आरक्षण की सूची प्रदेश शासन से जारी होने के बाद अब सबकी निगाह नगर निकायों के अध्यक्षों के आरक्षण पर लगी है। माना जा रहा है कि अध्यक्षों का आरक्षण भी एक दो दिन में अधिसूचित किया जा सकता है। प्रदेश में नगर निकाय चुनावों की तैयारियों को वार्डों के आरक्षण की अधिसूचना के बाद गति मिल गई है। ऐसे में संभावना है कि जनवरी में निकाय चुनाव हो सकते हैं। अब सबको इस बात का इंतजार है कि नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के आरक्षण की स्थिति भी जल्द साफ हो ताकि चेयरमैन बनने के लिए बेताब लोगों की हुमहुमी दब सके।

## पालिका में शामिल गांवों में प्रधानों के कुर्ते खूंटी पर टंगे

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिका परिषद के परिसीमन के बाद इसमें शामिल 11 गांवों के प्रधानों और पूर्व प्रधानों के लिए इस बार नगरपालिका में वार्ड सभासद बनने का मौका होगा। ऐसे में प्रधान जी नगर पालिका में पहुंचने के लिए जोर आजमाईश करते नजर आएंगे। आज घोषित आरक्षण सूची में शहर के सीमा विस्तार में जुड़े गांवों में आदर्श कॉलोनी और सुभाष नगर के वार्ड जहां अनारक्षित है, वहीं अलमासपुर प्रथम और द्वितीय जहां अनुसूचित महिला के लिए आरक्षित हो गया है, वहीं खालापार सप्तम, वहलना और कूकड़ा तृतीय अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हो गया है। शहाबुद्दीनपुर महिला के लिए आरक्षित रहेगा। शांतिनगर पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित हो गया है। वर्मा पार्क महिला के लिए आरक्षित है। सरवट प्रथम महिला के लिए आरक्षित हो गया है। सूजडू द्वितीय पिछड़ा वर्ग महिला के लिए आरक्षित है। ऐसे में लग रहा है कि पहले प्रधान रहे कई पहलवानों के कुर्ते इस बार खूंटी पर टंग गए हैं। इन सभी की ओर से आरक्षण पर आपत्तियां दर्ज की जा सकती हैं। इसके अलावा अब इन पहलवानों को चुनाव लड़ाने के लिए अपनी कठपुतलियां तैयार करनी होंगी ताकि चुनाव और चुनाव के बाद उनका दबदबा कायम रह सके।

**▶ परिसीमन में शामिल ज्यादातर गांवों के इलाके आरक्षित हुए ▶ आरक्षण से बची सिर्फ आदर्श कॉलोनी और सुभाषनगर की जान**

| वार्ड | वार्ड का नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | अलमासपुर-प्रथम | अनु जाति महिला |
| 2 | अलमासपुर द्वितीय | अनु जाति महिला |
| 3 | खालापार सप्तम | अनु जाति |
| 4 | वहलना | अनु जाति |
| 5 | कूकडा-तृतीय | अनु जाति |
| 6 | उत्तरी सिविल लाईन | महिला |
| 7 | रैदासपुरी | अनारक्षित |
| 8 | लद्दावाला प्रथम | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 9 | आबकारी | महिला |
| 10 | आर्यपुरी | महिला |
| 11 | प्रेमपुरी- द्वितीय | पिछड़ा वर्ग |
| 12 | रामलीला टिल्ला | अनारक्षित |
| 13 | सरवट- द्वितीय | पिछड़ा वर्ग |
| 14 | कम्बलवाला बाग | महिला |
| 15 | शाहबुद्दीनपुर | महिला |
| 16 | गांधी कॉलोनी प्रथम | अनारक्षित |
| 17 | कूकडा -द्वितीय | अनारक्षित |
| 18 | कम्बलवाला बाग- दक्षिणी आंशिक | पिछड़ा वर्ग |
| 19 | प्रेमपुरी प्रथम | अनारक्षित |
| 20 | लद्दावाला तृतीय | अनारक्षित |
| 21 | रामपुरी- दक्षिणी | पिछड़ा वर्ग |
| 22 | शांतिनगर | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 23 | गाजावाली | अनारक्षित |
| 24 | सिविल लाईन दक्षिणी-द्वितीय | अनारक्षित |
| 25 | दक्षिणी कृष्णापुरी | अनारक्षित |
| 26 | ब्रहमपुरी | अनारक्षित |
| 27 | खालापार प्रथम | अनारक्षित |
| 28 | गऊशाला | अनारक्षित |
| 29 | सूजडू- प्रथम | पिछड़ा वर्ग |
| 30 | गांधीनगर | अनारक्षित |
| 31 | वर्मा-पार्क | महिला |
| 32 | जनकपुरी | महिला |
| 33 | द. भोपा रोड संजय मार्ग आंशिक द्वितीय | महिला |
| 34 | रामपुरी-दक्षिणी आंशिक | महिला |
| 35 | सुभाषनगर | अनारक्षित |
| 36 | दक्षिणी भोपा रोड संजय मार्ग-प्रथम | महिला |
| 37 | गांधी कोलोनी द्वितीय | अनारक्षित |
| 38 | सरवट-प्रथम | महिला |
| 39 | इन्द्रा कॉलोनी | अनारक्षित |
| 40 | मल्हूपुरा द्वितीय | पिछड़ा वर्ग |
| 41 | आदर्श कॉलोनी | अनारक्षित |
| 42 | सिविल लाईन दक्षिणी प्रथम | अनारक्षित |
| 43 | खालापार- द्वितीय | महिला |
| 44 | लद्धावाला-द्वितीय | अनारक्षित |
| 45 | किदवईनगर | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 46 | सूजडू-द्वितीय | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 47 | सुथराशाही | पिछड़ा वर्ग |
| 48 | लद्धावाला चतुर्थ | अनारक्षित |
| 49 | बंजारान | पिछड़ा वर्ग |
| 50 | खालापार अष्टम | अनारक्षित |
| 51 | खालापार चतुर्थ | अनारक्षित |
| 52 | महमूदनगर | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 53 | खालापार-षष्टम | अनारक्षित |
| 54 | खालापार-पंचम | अनारक्षित |
| 55 | खालापार तृतीय | पिछड़ा वर्ग |

मुजफ्फरनगर जनपद की सभी नगरपालिका और नगर पंचायतों की विस्तृत वार्ड आरक्षण सूची पृष्ठ-2 पर देखें।

## ट्रेन की विंडो के पास बैठे शख्स की गर्दन में सरिया घुसने से मौत

**अलीगढ़, 2 दिसंबर (वार्ता)।** दिल्ली से चलकर कानपुर के रास्ते भुवनेश्वर जा रही नीलांचल एक्सप्रेस की बोगी के विंडो के पास बैठे एक यात्री के गर्दन में लोहे की सरिया घुसने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मच गया। मिल रही जानकारी के मुताबिक हादसे के बाद यात्री के शव को अलीगढ़ स्टेशन पर उतारा गया। मृतक की पहचान हरिकेश दुबे पुत्र संतराम निवासी गोपीनाथपुर सुल्तानपुर के रूप में हुई है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे रेलवे के अधिकारी जांच में जुटे हैं।बताया जा रहा है कि घटनास्थल पर रेलवे की तरफ से निर्माण कार्य हो रहा था, तभी अचानक से लोहे का सरिया ट्रेन के कोच के शीशे को तोड़ते हुए सीट पर बैठे युवक की गर्दन में जा घुसी, जिसकी वजह से उसकी ऑन द स्पॉट डेथ हो गई। मिल रही जानकारी के अनुसार यात्री हरिकेश दुबे दिल्ली से लखनऊ के लिए ट्रेन में बैठे थे। हादसे की सूचना पर जीआरपी व आरपीएफ ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। साथ ही परिजनों को घटना की जानकारी दे दी गई है। पूरी घटना सोमना-कलुआ रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे ट्रैक की बताई जा रही है।

## सड़क हादसों में एक की मौत, कई घायल

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)।** हाइवे पर हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गयी, जबकि अन्य सड़क हादसों में कई लोग घायल हो गये, जिन्हें उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ी निवासी धनपाल पुत्र नहर सिंह बीती रात्रि हाइवे पर छपार थाना क्षेत्र के गांव बसेड़ा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गया था। घायल का पिता उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन शव को अस्पताल से ले गये। अस्पताल प्रशासन ने मामले की सूचना पुलिस को दी है, जिस पर पुलिस ने कार्यवाही शुरू कर दी है। इसके अलावा रतनपुरी थाना क्षेत्र के गांव चंदसीना निवासी अनस पुत्र सलीम नई मंडी थाना क्षेत्र के मौहल्ला गांधी कॉलोनी निवासी ब्रिजेंद्र पुत्र जगदीश प्रसाद , महमूदनगर फरमान पुत्र अहसान व शहर कोतवाली क्षेत्र के गांव मलीरा निवासी रोहताश पुत्र ऋषिपाल भी अलग-अलग सड़क हादसों में गम्भीर रूप से घायल हो गये। घायलों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गम्भीर बनी हुई है।

# आज दोपहर 3 बजे तक दिल थाम के बैठेंगे चेयरमैनी उम्मीदवार

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)।** लम्बे इंतजार के बाद आखिर आज शनिवार दोपहर तीन बजे नगर विकास विभाग प्रेस कांफ्रेंस द्वारा उत्तर प्रदेश में अध्यक्ष पद हेतु सूची जारी करेगा। देखना यह होगा कि मुजफ्फरनगर नगरपालिका अध्यक्ष पद पर यह सीट सामान्य रहती है अथवा अनुसूचित जाति की घोषणा की जाती है। सूत्रों की मानें तो उक्त सीट सामान्य रहने की प्रबल सम्भावनाएं जताई जा रही हैं। राजनैतिक गलियारों में लम्बे समय से एक ही हलचल दिखाई पड़ रही है कि अगर शहरी सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दी गई तो सामान्य जाति के चेयरमैनी के दावेदारों में खलबली मच जायेगी। चूंकि उक्त सीट पर सामान्य वर्ग के दावेदारों की लम्बी कतार है और यदि उस कतार के अरमानों पर पानी फिरता है, तो यह वास्तव में खलबली मचाने वाला विषय है। शुक्रवार रात तक असमंजस के हालात बने हुए थे, मगर संकेत यही मिल रहे थे कि मुजफ्फरनगर चेयरमैनी की सीट सामान्य होने की प्रबल सम्भावनाएं हैं। अब देखना यह होगा कि मुजफ्फरनगर शहरी सीट सामान्य ही रहती है अथवा अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दी जाती है। यदि उक्त सीट सामान्य रही, तो चेयरमैनी के सामान्य दावेदार कल से ही अपनी भागादौड़ी व अपनी-अपनी पार्टियों के नेताओं की गणेश परिक्रमा में जबरदस्त तेजी ले आयेंगे, क्योंकि अभी तक यह शंकायें लगातार बनी हुई हैं कि कहीं उक्त सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित ना कर दी जाये। इसी के चलते अभी उम्मीदवारों में हलचल तो थी, मगर उस हलचल में यह संशय बाकी था कि सीट सामान्य जाति की होगी अथवा नहीं। शनिवार दोपहर 3 बजे इस बात से पर्दा उठ जायेगा कि मुजफ्फरनगर शहरी चेयरमैनी सीट कौन सी जाति के पाले में जाती है।

**▶ सम्भवतः सामान्य ही रहेगी नगर पालिका मुजफ्फरनगर की सीट**

## ट्रेन की चपेट में आकर 65 वर्षीय महिला की मौत

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसम्बर (बु.)।** एक वृद्धा की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर परिजनों को बुलाया उन्होंने पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार गांव रामपुर निवासी बिष्णु की पत्नी 65 वर्षीय मोहरो किसी तरह घर से निकलकर रेलवे लाईन पर पहुंच गई और रेल से कटकर उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में ले लिया। मृतका के परिजन उसे ढूंढते फिर रहे थे। पता लगने पर वे मौके पर पहुंचे ओर पुलिस को एक लिखित पत्र देकर पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया। पुलिस शव उनके सुपुर्द कर दिया।

## महिला की चाकू से गोदकर हत्या

**नई दिल्ली, 2 दिसंबर (वार्ता)।** देश की राजधानी तिलक नगर इलाके में शुक्रवार को एक महिला की चाकू से गोदकर हत्या करने का मामला सामने आया है। सहमति संबंध में रहने वाले युवक पर हत्या का शक जताया जा रहा है। पुलिस ने हत्या और साक्ष्य छुपाने का मामला दर्ज कर लिया है। साथ ही सहमति संबंध में रहने वाले युवक की तलाश शुरू कर दी है। महिला की शिनाख्त रेखा रानी के रूप में हुई है।

## शेरनगर बिजलीघर का रहेगा आज शट्डाउन

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)।** शनिवार 3 दिसम्बर को शेरनगर बिजलीघर पर विद्युत से जुड़ी व्यवस्थाओं के चलते आज इमरजेंसी शट्डाउन किए जाने का निर्णय लिया है। जानसठ रोड पर नजदीक रोड़ी प्लांट के पास से होकर जा रही 220केवी लाइन के कंडक्टर को बदलने के लिए शटडाउन रहेगा। ऐसे में शनिवार को प्रातः 10 बजे से 4 बजे सायं तक 33 केवी विद्युत लाइन शेरनगर सन्धावली का शटडाउन रहेगा। विद्युत विभाग शेरनगर के जेई के अनुसार सभी उपभोक्ताओं को ऐसे में सूचित किया जाता है की शनिवार 3 दिसम्बर को प्रातः 10 बजे से सायं 16 बजे तक इन व्यवस्थाओं को सुधारने के चलते उपभोक्ताओं को विद्युत की आपूर्ति नहीं मिलेगी।

## पुलिस ने रोका जयंत के वाहनों का काफिला

**खतौली, 2 दिसंबर (बु.)।** खतौली विधानसभा क्षेत्र में आज उस वक्त रालोद सुप्रीमो का भारी वाहनों का काफिला रोक दिया गया जब बिना परमिशन के रालोद सुप्रीमो जयंत चौधरी वाहनों से कस्बे में रोड शो निकालना चाह रहे थे। यहां सीओ खतौली आर के सिंह भारी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और बिना परमिशन के रोड शो निकालने की मनाही करते हुए सभी वाहनों को सड़क किनारे खड़े कराकर पैदल जनसंपर्क करने को कहा। बाद में जयंत चौधरी व अन्य नेताओं को आगे जाने दिया गया। शुक्रवार को रालोद ने रोड शो निकालकर ताकत दिखाई। रालोद अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह की अगुवाई में कार्यकर्ता देहात क्षेत्र में नुक्कड़ सभाओं के बाद खतौली पहुंचे। यहां शहर की सड़कों पर गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व विधायक मदन भैया के समर्थन में रोड शो निकाला। रालोद अध्यक्ष ने कहा कि किसान और मजदूर भाजपा को सबक सिखाने की ठान चुके हैं। रालोद जिलाध्यक्ष संदीप मलिक, पूर्व जिलाध्यक्ष अजीत राठी समेत अन्य पदाधिकारी रोड शो के दौरान मौजूद रहे।

# आरक्षण में कई पुराने सभासदों की उम्मीद बची

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसंबर (बु.)।** नगर पालिका परिषद के वार्ड आरक्षण में पालिका के दो खुराफाती चेहरों की सीट बच गई, लेकिन कई पुराने सभासदों को इस बार खाली हाथ रहना होगा। नए आरक्षण की व्यवस्था में मौजूदा चेयरमैन अंजू अग्रवाल का सिरदर्द बने रहे राजीव वर्मा के वार्ड 25 दक्षिण कृष्णापुरी के अनारक्षित रहने और मनोज वर्मा के वार्ड 49 बंजारान के पिछड़ा वर्ग में आरक्षित होने से इन दोनों को फिर से मैदान में किस्मत आजमाने का मौका मिलेगा। इसके अलावा वार्ड पांच उत्तरी सिविल लाइन में मौजूदा सभासद पिंकी का वार्ड 6 भी महिला आरक्षण में आ गया है। ममतेश का वार्ड सात रैदासपुरी अनारक्षित हो गया है। सुनीता देवी का वार्ड 9 आबकारी महिला के लिए आरक्षित हो गया है। नवनीत का वार्ड दस आर्यपुरी महिला के लिए आरक्षित हो गया है। सुनील का वार्ड 11 प्रेमपुरी द्वितीय पिछडा वर्ग, सचिन का वार्ड 12 रामलीला टीला अनारक्षित, राहुल का कंबल का कंबलवाला बाग महिला, प्रेमी छाबड़ा का वार्ड 16 गांधी कॉलोनी प्रथम अनारक्षित, सुनील शर्मा का वार्ड 18 कंबलवाला बाग दक्षिण आंशिक पिछड़ा वर्ग, प्रवीण पीटर का वार्ड 19 प्रेमपुरी अनारक्षित, उमा का वार्ड 21 रामपुरी दक्षिणी पिछड़ा वर्ग, अरविंद धनगर का वार्ड 23 गाजावाली अनारक्षित, नरेश मित्तल का वार्ड 24 सिविल लाइन दक्षिणी द्वितीय अनारक्षित, राजीव शर्मा का वार्ड 25 कृष्णापुरी अनारक्षित, रानी सक्सेना संजय सक्सेना का वार्ड 26 ब्रह्मपुरी अनारक्षित हो गए हैं। सपना पत्नी मोहित का वार्ड 28 गऊशाला अनारक्षित, सलेख का वार्ड 32 जनकपुरी महिला, नदीम का वार्ड रामपुरी दक्षिणी आंशिक महिला, विवेक चुग्घ का वार्ड 37 गांधी कॉलोनी द्वितीय अनारक्षित, पूनम शर्मा का वार्ड वार्ड 39 इंदिरा कॉलोनी अनारक्षित, अहमद का वार्ड 45 किदवई नगर पिछडा वर्ग महिला, मनोज वर्मा का वार्ड 49 बंजारान पिछडा वर्ग के लिए आरक्षित हो गया है। ऐसे में आरक्षण में परिवर्तन के अलावा नए परिसीमन के बाद वार्डों का भूगोल बदल जाने के बाद जहां कई मौजूदा सभासदों को फिर से चुनाव लड़ने का मौका नहीं मिलेगा। इसके अलावा पिछले चुनाव में आरक्षण के चलते अपनी पत्नियों को चुनाव लड़ाने वाले नेताओं को खुद भाग्य आजमाने का मौका मिलेगा। अब आरक्षण बदल जाने के बाद कुछ पुराने सभासदों को जहां फिर से हरी झंडी मिल गई है, वहीं कुछ के लिए चुनाव लड़ने की उम्मीद खत्म हो गई है।

**▶ कई सभासदों के लिए आरक्षण और परिसीमन के बाद मुश्किलें बढ़ी**




# चुनाव लड़ाकों की फौज को तड़ीपार करने की चुनौती

**▶ खतौली उप चुनाव में दिल्ली, गाजियाबाद, लखनऊ और अन्य प्रदेशों के जमा है नेता और कार्यकर्ता ▶ मतदान के दिन विधानसभा में प्रतिबंधित रहने वाली है बाहरी लोगों की मौजूदगी**

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)।** खतौली विधानसभा के उप चुनाव में मतदान के दिन बाहरी लोगों को इलाके से बाहर भेजना पुलिस-प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है, क्योंकि हजारों की संख्या में चुनाव लड़ाकों की फौज यहां 15 दिन से डेरा डाले हुए हैं, इनमें दिल्ली, लखनऊ के अलावा वेस्ट यूपी के लोगों की तादाद सबसे ज्यादा है। निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव के लिए उन्हें खतौली की सीमा से बेदखल करना जरूरी है। दरअसल खतौली के चुनावी रण में बाजी मारने के लिए सत्तारूढ़ भाजपा और सपा-रालोद गठबंधन ने प्रदेश के तमाम हिस्सों से अपने चुनाव लड़ाकों को विधानसभा में उतार रखा है, जो चुनावी दंगल को और दिलचस्प बना रहे हैं। इनमें राजनैतिक कार्यकताओं के साथ सजातीय संगठनों के नेता भी शामिल हैं, जो अपने वर्ग के मतों में सेंधमारी में हर फंडा इस्तेमाल कर रहे हैं। वैसे सपा-रालोद गठबंधन के उम्मीदवार मदन भैय्या तो लोनी के रहने वाले हैं। इस कारण उनका अधिकांश मैनेजमेंट अमला बाहर का है। इसी तरह भाजपा के पक्ष में भी बड़ी संख्या में नेता और कार्यकर्ता खतौली में जमे हुए हैं। खतौली विधानसभा में 5 दिसंबर को मतदान होना है। इस कारण 3 दिसम्बर की शाम 5 बजे से चुनाव प्रचार थम जायेगा। मतदान के दिन पूरे विधानसभा क्षेत्र में बाहरी लोगों की मौजूदगी पूरी तरह प्रतिबन्धित रहेगी। ऐसे में हजारों कार्यकताओं की इस फौज को विधानसभा से बाहर करने की चुनौती रहेगी। एसपी सिटी अर्पित विजयवर्गीय ने बताया कि प्रत्याशियों और उनके मुख्य अभिकर्ता को पहले ही यह बता दिया गया है कि विधानसभा में चुनाव प्रचार में जुटे तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मतदान से पहले ही चले जायें। यदि मतदान के दिन कोई बाहरी व्यक्ति मिला, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।



## जयंत चौधरी और चन्द्रशेखर की घोषणा का क्या होगा अब

**मुजफ्फरनगर।** चुनाव आयोग के सख्ती के चलते सत्ता और विपक्ष के बड़े नेताओं का मतदान के दिन खतौली में रूकना मुमकिन नहीं हो सकेगा। दरअसल चुनाव रैली के दौरान रालोद प्रमुख जयंत चैधरी और आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चन्द्रशेखर ने घोषणा की थी कि मतदान के दिन 5 दिसम्बर को खतौली में मौजूद रहेंगे। इस घोषणा को गम्भीरता से लेते हुए पुलिस प्रशासन ने चुनाव आयोग के नियम साफतौर से बता दिए हैं। ऐसे में यदि कोई मतदान के दिन भारी व्यक्ति घूमता हुआ मिला, तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की जायेगी। पुलिस प्रशासन को विपक्ष के साथ सत्ता पक्ष के नेताओं ने भी रोककर पारदर्शिता दिखाने की चुनौती रहेगी, क्योंकि जिले के दोनों मंत्री डॉ. संजीव बालियान और कपिल देव अग्रवाल उपचुनाव की घोषणा होने से अन्य मंत्रियों के साथ दिनरात प्रचार में जुटे हैं।

**खतौली विधानसभा सीट उपचुनाव -2022**

# साढ़े तीन दिन बंद रहेगी गुड़ मंडी

**▶ 4, 5 और 7 की दोपहर से 8 दिसंबर को बंद रहेगा गुड़ मंडी का कारोबार ▶ खतौली विधानसभा की आठ किलोमीटर की परिधि में 3 दिसंबर की शाम 6 बजे से 5 दिसंबर की शाम 6 बजे तक बंद रहेंगे शराब के ठेके ▶ 8 दिसंबर को मतगणना के दिन गुड़ मंडी की 8 किलोमीटर के दायरे में आने वाले ठेके नहीं खुलेंगे**

**मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)।** खतौली उप चुनाव और मतगणना के चलते एशिया प्रसिद्ध गुड़ मंडी में साढ़े तीन दिन कारोबार पूरी तरह बंद रहेगा। इसी तरह अंग्रेजी और देसी शराब के ठेके बंद रहेंगे। खतौली विधानसभा की आठ किलोमीटर की परिधि में 3 दिसंबर की शाम 6 बजे से लेकर 5 दिसंबर की शाम 6 बजे ठेके नहीं खुलेंगे। मतगणना के दिन मंडी की दायरे में आने वाले ठेके 12 घन्टे बन्द रहेंगे।

खतौली उपचुनाव के मतदान और मतगणना के दिन लागू होने वाले प्रतिबंधों को लेकर जिला प्रशासन ने आदेश जारी कर दिये हैं। खतौली उपचुनाव में शनिवार शाम 5 बजे के बाद चुनाव प्रचार थम जायेगा। इसी के साथ खतौली विधानसभा के साथ 8 किलोमीटर की परीधि में आने वाले सभी शराब के ठेके बंद हो जायेंगे। विधानसभा क्षेत्र तमाम देशी व अंग्रेजी शराब के ठेके 5 दिसम्बर की शाम तक बंद रहेंगे। जिलाधिकारी चन्द्रभूषण सिंह ने सख्ती से इन आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित कराने के आदेश दिए हैं। मतदान के बाद 8 दिसम्बर को मुजफ्फरनगर स्थित गुड़ मण्डी परिसर में वोटो की गिनती होगी। इसके मद्देनजर नवीन गुड़ मण्डी में साढ़े 3 दिन कारोबार पूरी तरह बंद रहेगा। कृषि उत्पादन मण्डी समिति की सचिव की तरफ से जारी आदेश में कहा गया है कि खतौली विधानसभा उपचुनाव को सम्पन्न कराये जाने के लिए 4 और 5 दिसम्बर को गुड़मण्डी पूरी तरह बंद रहेगी। इसके बाद 7 दिसम्बर दोपहर के बाद 8 दिसम्बर को मतगणना समाप्ति तक मण्डी में कोई कारोबार नहीं होगा। यही नहीं मतगणना के दिन सुबह 6 बजे से लेकर नवीन गुड़ मण्डी के 8 किलोमीटर दायरे में आने वाले अंग्रेजी और देशी शराब के ठेके शाम 6 बजे तक बंद रहेंगे।



## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत बुढ़ाना

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | खाकरोबान | अनु जाति महिला |
| 2 | चमारान | महिला |
| 3 | कस्सावान | पिछड़ा वर्ग |
| 4 | भटवाडा | अनारक्षित |
| 5 | पछाला पूर्वी आंशिक | अनारक्षित |
| 6 | पछाला पूर्वी | अनारक्षित |
| 7 | पछाला पश्चिमी | अनारक्षित |
| 8 | तहसील कालोनी | महिला |
| 9 | भटवाडा दक्षिणी | महिला |
| 10 | शाहवाडा | अनारक्षित |
| 11 | काजीवाडा दक्षिणी | अनारक्षित |
| 12 | मण्डी दक्षिणी | अनारक्षित |
| 13 | नईबस्ती नं.1 व नईबस्ती नं.2 आंशिक | पिछड़ा वर्ग |
| 14 | पीरशाह विलायत नईबस्ती नं.2 आंशिक | अनारक्षित |
| 15 | नई बस्ती नं0 1 | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 16 | काजीवाडा उत्तरी | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 17 | शाहवाडा | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत मीरापुर

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | मुश्तर्क पश्चिमी | महिला |
| 2 | मुश्तर्क पूर्वी | अनु जाति महिला |
| 3 | कबूलपुरा | अनारक्षित |
| 4 | कोटला पूर्वी | अनु जाति |
| 5 | शरफपुरा पूर्वी | अनारक्षित |
| 6 | तहबरपुरा | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 7 | मुश्तर्क दक्षिणी | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 8 | कोटला दक्षिणी | अनारक्षित |
| 9 | कोटला मध्य पूर्वी | पिछड़ा वर्ग |
| 10 | कोटला पश्चिमी | अनारक्षित |
| 11 | मुश्तर्क मध्य पश्चिमी | महिला |
| 12 | मुश्तर्क मध्य पूर्वी | महिला |
| 13 | नवाब पट्टी | अनारक्षित |
| 14 | शरफपुरा पश्चिमी | अनारक्षित |
| 15 | कासमपुरा | अनारक्षित |
| 16 | नमक मण्डी | पिछड़ा वर्ग |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत जानसठ

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | गंज | अनारक्षित |
| 2 | बुद्ध बाजार | अनु जाति महिला |
| 3 | हुसैनपुरा पूर्वी | अनारक्षित |
| 4 | हुसैनपुरा मध्य | अनारक्षित |
| 5 | हुसैनपुरा उत्तरी | पिछड़ा वर्ग |
| 6 | करीमुल्ला पट्टी उत्तरी | महिला |
| 7 | मंगल, जन्नताबाद | अनारक्षित |
| 8 | बेरियान, चौंक | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 9 | करीमुल्ला पट्टी दक्षिणी | महिला |
| 10 | साहवान, मिश्रान | अनारक्षित |
| 11 | सराय तुलसीराम | पिछड़ा वर्ग |
| 12 | काजियान | महिला |
| 13 | जन्नताबाद, बुद्ध कटहैडा | अनारक्षित |
| 14 | हुसैनपुरा पश्चिमी | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत चरथावल

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | तीरगरान उत्तरी | महिला |
| 2 | कानूनगोयान पूर्वी | अनारक्षित |
| 3 | मुर्दापटटी दक्षिणी | अनु जाति महिला |
| 4 | बाजार खुर्द | अनु जाति |
| 5 | कानूनगोयान पश्चिमी | अनारक्षित |
| 6 | मुर्दापटटी उत्तरी | महिला |
| 7 | शेखजादगान गर्बी | पिछड़ा वर्ग |
| 8 | नूरबाफान | महिला |
| 9 | तीरगरान दक्षिणी भाग | पिछड़ा वर्ग |
| 10 | बाजार कला | अनारक्षित |
| 11 | शेखजादगान शर्की | अनारक्षित |
| 12 | महाब्रहमणान | अनारक्षित |
| 13 | तगायान मुस्लिम उत्तरी भाग | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 14 | तगायान मुस्लिम दक्षिणी भाग | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत शाहपुर

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | नक्कालान गडरियान | अनारक्षित |
| 2 | गोकलपुर मंगलापुरी मण्डी पश्चिमी | अनु जाति महिला |
| 3 | सानियान पूर्वी | अनारक्षित |
| 4 | कस्साबान उत्तरी भाग | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 5 | गडरियान दक्षिणी भाग | महिला |
| 6 | मंगलापुरी मण्डी मध्य | अनारक्षित |
| 7 | सानियान पश्चिमी | अनारक्षित |
| 8 | कस्साबान पूर्वी | महिला |
| 9 | बाजार पूर्वी नूरबाफान | महिला |
| 10 | ठेठेरान | अनारक्षित |
| 11 | बाजार पश्चिमी मंगलापुरी मण्डी कस्सावान पश्चिमी | पिछड़ा वर्ग |
| 12 | कस्साबान मध्य | पिछड़ा वर्ग |
| 13 | महाजनान बाजार मध्य | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत भोकरहेड़ी

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | हरिजन | अनारक्षित |
| 2 | सेठपुरी | महिला |
| 3 | कलालान | अनु जाति महिला |
| 4 | पठानान पूर्वी | अनु जाति |
| 5 | नई बस्ती | पिछड़ा वर्ग |
| 6 | कुआपट्टी दक्षिणी | अनु जाति |
| 7 | बाजार | अनारक्षित |
| 8 | लोकुपुरा उत्तरी | पिछड़ा वर्ग |
| 9 | लोकुपुरा दक्षिणी | महिला |
| 10 | सुभाष चौंक | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 11 | कुऑपट्टी उत्तरी | महिला |
| 12 | नेहरू चौक | अनारक्षित |
| 13 | पठानान पश्चिमी | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत पुरकाजी

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | दक्षिणी चमारान | अनारक्षित |
| 2 | उत्तरी चमारान | अनु जाति महिला |
| 3 | झोझगान उत्तरी | महिला |
| 4 | नूरनगरियान | अनारक्षित |
| 5 | बाजार खुर्द | महिला |
| 6 | खेडा दरवाजा उत्तरी | पिछड़ा वर्ग |
| 7 | बाजार कलां | अनारक्षित |
| 8 | शहरदारान | अनारक्षित |
| 9 | शेखजादगान | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 10 | हलवाईयान | अनारक्षित |
| 11 | झोझगान पूर्वी | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 12 | जाटान पश्चिमी | अनारक्षित |
| 13 | कस्सावान | अनारक्षित |
| 14 | जाटान उत्तरी | पिछड़ा वर्ग |
| 15 | खेडा दरवाजा | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत सिसौली

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | चौधरान उत्तरी | महिला |
| 2 | नयी आबादी नं0-2 | पिछड़ा वर्ग |
| 3 | पालान | अनु जाति महिला |
| 4 | नई आबादी पूर्वी | अनु जाति |
| 5 | होलीवाला | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 6 | ब्रह्मणान | अनारक्षित |
| 7 | लेपरान दक्षिणी | पिछड़ा वर्ग |
| 8 | नई आबादी पश्चिमी | महिला |
| 9 | लेपरान पूर्वी | अनारक्षित |
| 10 | चौधरान दक्षिणी | महिला |
| 11 | नया बाजार | अनारक्षित |
| 12 | नयी आबादी नं0-3 | अनारक्षित |
| 13 | लेपरान उत्तरी | अनारक्षित |

## वार्ड आरक्षण सूची - नगर पंचायत खतौली

| वार्ड | वार्ड नाम | प्रस्तावित आरक्षण |
|---|---|---|
| 1 | देवीदास दक्षिणी | महिला |
| 2 | देवीदास पश्चिमी | अनु जाति महिला |
| 3 | सैनी नगर | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 4 | सद्दीकनगर | अनु जाति |
| 5 | काशीराम तगान | अनारक्षित |
| 6 | गणेशपुरी | अनारक्षित |
| 7 | होली चौक रामनगर | पिछड़ा वर्ग |
| 8 | लाल मौहम्मद उत्तरी | महिला |
| 9 | श्री पार्शर्वनाथ नगर सैनी नगर आंशिक | महिला |
| 10 | श्री शांतिनाथ नगर | पिछड़ा वर्ग |
| 11 | श्री कुंद कुंद विहार गोगावीर नगर | अनारक्षित |
| 12 | दुर्गापुरी | अनारक्षित |
| 13 | जैन नगर | पिछड़ा वर्ग महिला |
| 14 | शिवपुरी | अनारक्षित |
| 15 | लाल मोहम्मद भवानी नगर | अनारक्षित |
| 16 | इस्लामनगर दक्षिणी | महिला |
| 17 | मिट्ठूलाल | अनारक्षित |
| 18 | शराफान पूर्वी | अनारक्षित |
| 19 | इस्लामनगर पश्चिमी | महिला |
| 20 | शराफान पश्चिमी | महिला |
| 21 | शीतलानगर | पिछड़ा वर्ग |
| 22 | शराफान बाजार गर्बी राजाराम | अनारक्षित |
| 23 | कानूनगोयान बाजार शर्की राजाराम मिट्ठूलाल आंशिक | अनारक्षित |
| 24 | बालकराम काशीराम आंशिक | अनारक्षित |
| 25 | काजियान | पिछड़ा वर्ग |

# दलित मतदाताओं का रूझान तय करेगा खतौली उपचुनाव का परिणाम

**खतौली, 2 दिसम्बर (बु.)।** खतौली विधानसभा उपचुनाव में शायद इस बार सर्वाधिक होने के बाद मुस्लिम मतदाता के बजाए दलित मतदाता ही हार-जीत के लिए निर्णायक साबित होंगे।

खतौली विधानसभा के प्रारम्भिक चरण से इस विधानसभा सीट पर अधिकांश रूप से जाट बिरादरी के प्रत्याशियों में ही अलग अलग राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों के रूप में मुकाबला होता था तथा अनेक बार जाट बिरादरी के प्रत्याशियों के सिर ही जीत का सेहरा बंधा। क्योंकि उस समय यह सीट जाट बाहुल्य मानी जाती थी, परन्तु सन् 2012 के परिसीमन के बाद हुए चुनाव के पश्चात से बने जातीय समीकरणों के बाद इस सीट पर किसी विशेष जाति का बाहुल्य नहीं रहा, जिसके फलस्वरूप 2012 में जहां रालोद प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना तथा 2017 व 2022 में भाजपा प्रत्याशी विक्रम सैनी द्वारा खतौली विधानसभा से अपनी जीत दर्ज करायी गयी। लगातार दो बार विधायक चुने गए विक्रम सैनी की न्यायालय द्वारा सदस्यता समाप्त किये जाने के बाद रिक्त हुई इस सीट पर आगामी 5 दिसम्बर को उपचुनाव होने जा रहा है। उपचुनाव में मुख्य सीधा मुकाबला भाजपा प्रत्याशी राजकुमारी सैनी व सपा रालोद गठबंधन प्रत्याशी मदन भैया के बीच माना जा रहा है। दोनों ही प्रत्याशियों द्वारा जहां अपनी अपनी जीत का दावा किया जा रहा है, परन्तु इसका निर्णय तो क्षेत्र के मतदाता ही करेंगे। दोनों प्रत्याशियों के राजनेताओं द्वारा जहां चुनाव प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी गयी है, वहीं जातीय समीकरणों को साधने के लिए राजनैतिक दलों द्वारा कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। दोनों प्रत्याशियों के राजनैतिक दलों की हाईकमान द्वारा अपनी पार्टी के दिग्गज नेताओं के माध्यम से जातीय समीकरणों को साधने तथा उन्हें अपने पक्ष में करने के लिए मैदान में उतारने का क्रम जारी बना हुआ है, वहीं राजनैतिक दलों के राष्ट्रीय व प्रान्तीय नेतागण भी क्षेत्र में डेरा डाले हुए चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। तीन लाख 32 हजार के लगभग मतदाताओं वाली खतौली विधानसभा सीट पर सर्वाधिक मुस्लिम मतदाता हैं, वहीं दूसरे स्थान पर एससी मतदाताओं की संख्या है। इसके साथ साथ सैनी, गुर्जर, जाट, कश्यप व ब्राह्मण मतदाताओं की संख्या भी चुनाव में अपनी निर्णायक भूमिका अदा करती है। राजनैतिक विशेषज्ञों के अनुसार उपचुनाव में सबपा सुप्रीमों द्वारा अपना कोई भी प्रत्याशी मैदान में न उतारे जाने के कारण एससी वोट की भूमिका उपचुनाव में निर्णायक सिद्ध होगी। उल्लेखनीय है कि गत 2012 विधानसभा चुनाव में बसपा प्रत्याशी ताराचंद शास्त्री 40847 मतों (24 प्रतिशत) के बाद दूसरे नम्बर पर रहे। वहीं 2017 विधानसभ चुनाव में बसपा प्रत्याशी शिवान सैनी ने 37380 मत तथा 2022 चुनाव में बसपा प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को 31442 मत मिले थे। एससी वोटों की संख्या के महत्व का आंकलन करते हुए जहां भाजपा हाईकमान द्वारा अपनी पूरी ताकत एससी बाहुल्य क्षेत्रों में झोंकी जा रही है वहीं गठबंधन पक्ष भी इस वर्ग के मतों को अपने पक्ष में करने के लिए अपनी पूरी तैयारी में जुटा दिखाई पड़ रहा है, परन्तु यह तो चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि एससी वर्ग के मतदाता किसके सिर जीत का सेहरा बांधने में अपना निर्णय सुनाएगा।




# सदिग्ध हालात में गोली लगने से घायल हुए कार सवार युवक, घायल के भाई ने हाइवे पर लूट होने का किया दावा

मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)। एक कार सवार युवक संदिग्ध हालातों में गोली लगने से गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को उसका भाई उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में लेकर आया। घायल के भाई का दावा है कि कार सवार बदमाशों ने उसके भाई के साथ लूटपाट की और विरोध पर उसको गोली मारी। पुलिस घटना की जानकारी होने से इंकार कर रही है। सूत्रों ने जानकारी देते हुए बताया कि सहारनपुर जनपद के देवबंद थाना क्षेत्र के गांव लबकरी निवासी 32 वर्षीय जाने आलम पुत्र अहसान को उसका भाई शाहवेज गोली लगने से घायल अवस्था में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में लाया। घायल के भाई का कहना है कि उसका भाई जाने आलम साउदी अरब में काम करता है करीब तीन माह पूर्व वह वापस स्वदेश आया था। वह दिल्ली निवासी अपने मामा से कुछ रुपए लेने के लिए गया था, वहां से ब्रेजा कार में सवार होकर अपने गांव वापस लौट रहा था। उसके पास एक लाख 36 हजार रुपए थे। जावेद का कहना है कि हाइवे पर मोदीपुरम टोल प्लाजा पार करने के बाद पन्द्रह मिनट बाद एक ऑल्टो कार सवार युवकों ने उसके भाई को रोक लिया और उसकी कार को रोककर लूटपाट का प्रयास किया। विरोध करने पर उसके भाई के पैर में गोली मार दी और एक लाख 36 हजार रुपए लेकर कार में सवार होकर मुजफ्फरनगर की ओर भाग निकले। घायल जाने आलम ने अपनी कार से बदमाशों की कार का पीछा किया और अपने भाई को घटना की जानकारी दी, जिस पर उसका भाई भी अन्य वाहन से मेरठ की ओर चल पड़ा। शाहवेज ने बताया कि उसे जाने आलम वहलना के निकट अपनी कार मे बेहोशी की हालत में खून से लथपथ मिला, तब वह उसे बेहोशी की हालत में जिला चिकित्सालय में लाया। पुलिस घटना की जानकारी होने से इंकार कर रही है।

# पुलिस ने बरनावी के जंगल में गोकशी पकड़ी

कैराना, 02 दिसम्बर (बु.)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरनावी के जंगल में छापा मारा। पुलिस ने मौके से 35 किलो प्रतिबंधित पशु का मीट, तराजू बाट और वध के उपकरण के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। गुरुवार शाम पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बरनावी के जंगल में छापा मारा। मौके पर एक आरोपी प्रतिबंधित पशु को काटकर उसका मीट बेच रहा था। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने का प्रयास किया तो पुलिस ने पीछा करते हुए आरोपी को दबोच लिया। पुलिस ने मौके से 35 किलो प्रतिबंधित पशु का मीट, वध के उपकरण, तराजू बाट बरामद किया। पुलिस ने मीट का परीक्षण कराने के साथ ही आरोपी हाकम अली निवासी गांव बरनावी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुकदमा दर्ज करने की तैयारी कर रही है।


## मुजफ्फरनगर बुलेटिन



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्री उत्तम चन्द्र शर्मा ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकुर दुआ
डिप्टी सम्पादिका- श्रीमति पूजा दुआ
☎, (प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
विज्ञापन-9368549219 (फै.) 7983359929,
सम्पादक- 9412210257
e-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com


## मुजफ्फरनगर मंडी

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसंबर, (बु.)।** मुजफ्फरनगर मंडी में गुड़-शक्कर के भाव ये रहेः- ढैया- 1208, रसकट ढैया-930-970, चाकू 1060-1125, लड्डू 1150-1275, खुरपापाड़ 1025-1075, शक्कर मसाला 1240-1270। आमद-8,000 मन।

## अरिहन्त ज्वैलर्स सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 02 दिसंबर, (बु.)।** सोना-चांदी के भाव इस प्रकार रहेः-
सोना- 53,200 चांदी-63,000
सिक्का- 75000 गिन्नी- 40,200

## आपका आज का राशिफल

### शनिवार, 03 दिसंबर, 2022

मेष- परिस्थितियों में व्यतिक्रम, स्वास्थ्य विपरीत, लापरवाही से नुकसान, विरोधियों का वर्चस्व, पारस्परिक सम्बन्धों में कटुता, मानसिक बेचैनी, अपव्यय भी।
वृषभ- नवीन योजना का श्रीगणेश, इच्छाशक्ति का विकास, व्यक्तिगत जीवन में महत्वपूर्ण घटना घटित, अकल्पित लाभ, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग।
मिथुन- स्वविवेक से किया गया कार्य सफल, उच्चाधिकारियों से सम्पर्क का सुयोग, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, आपसी समझदारी से तनाव में कमी, भौतिक सुख।
कर्क- कार्य व्यवसाय में उन्नति का अवसर, नवउत्तरदायित्व का निर्वाह, शिक्षा में सफलता, मानसिक राहत, यात्रा सुखद।
सिंह- विशेष प्रयास के बावजूद आंशिक सफलता, व्यापारिक हानि, उत्तरदायित्व की पूत में बाधा, आरोप-प्रत्यारोप, जीवनसाथी से कष्ट, यात्रा निष्फल।
कन्या- विविध पक्षों में अनुकूलता, नवयोजना का श्रीगणेश, सद्विचारों का उदय, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ, नवसम्पर्क उपयोगी, अकल्पित लाभ।
तुला- भाग्योन्नति के नवीन आयाम, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश से परिवार में हर्षोल्लास, परोपकार की भावना जागृत, मनोरंजन में रुचि।
वृश्चिक- कार्य व्यवसाय में नवपरिवर्तन, जिम्मेदारियों को निभाने में व्यय, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए प्रयत्नशील, आपसी सलाह से कामयाबी, शत्रु परास्त।
धनु- आकांक्षित सिद्धि में व्यतिक्रम, साहसिक प्रगति का प्रयास असफल, शत्रु हानि पहुँचाने हेतु प्रयत्नशील, नवसमस्याएँ उपस्थित, वाहन से चोट-चपेट भी संभव।
मकर- व्यापार में धन निवेश, अधूरे कार्यों की पूत हेतु स्वजनों से सहयोग, राजकीय पक्ष से लाभान्वित, दाम्पत्य जीवन मधुर, किसी आयोजन का अवसर।
कुम्भ-पारिवारिक उत्तरदायित्व की पूत, आय के नवीन स्त्रोत, स्थान परिवर्तन की दिशा में कार्यक्रम, भौतिक सुख के निमित्त अधिक व्यय, योजना का सुपरिणाम।
मीन- विनियोजित धन का प्रतिफल आशानुकूल प्राप्त, पुरातन विवाद का निर्णय पक्ष में होने से खुशी, किसी के माध्यम से व्यक्तिगत जीवन में नवीन उपलब्धि।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



# पोस्टर प्रतियोगिता में लवलीना व स्लोगन में खुशबू रही प्रथम

भोपा, 02 दिसम्बर (बु.)। जेपीएस पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर नेहरू युवा केंद्र द्वारा पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें स्लोगन में खुशबू व पोस्टर प्रतियोगिता में लवलीना प्रथम रही। प्रतियोगिता में अनेक छात्र-छात्राओं ने अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। विजेता प्रतिभागियों को अतिथियों ने पुरस्कृत किया। प्रधानाचार्य राजन गौड़ के निर्देशन में पोस्टर व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें अनेक छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर पोस्टर व स्लोगन के माध्यम से अपनी कला कौशल का प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल के आधार पर स्लोगन प्रतियोगिता में खुशबू किशनपुर, दिव्या बहुपुरा, महिमा मोरना, आदर्श भोकरहेडी व पोस्टर प्रतियोगिता में लवलीना मोरना, बुशरा मोरना, वैशाली मोरना व फलक भोकरहेडी क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चौथे स्थान पर रहे। निर्णायक मंडल में राष्ट्रीय युवा स्वयं सेवक प्रीति पाल, खुशबू सोनकर, संगीता श्रीवास्तव व राहुल कुमार रहे। समापन पर मुख्य अतिथि प्रबंधक मोहिनी शर्मा व विशिष्ट अतिथि सार्थक शर्मा ने संयुक्त रूप से विजेताओं को पुरस्कृत किया। प्रतियोगिता में शिवानी, खुशी, सोनाली, दीपमाला, संगीता, मीनू, राधिका, हरशरण, नैनसिंह, निशांत, अभिषेक, मंजू, कविता, मीनाक्षी आदि ने योगदान दिया।

# कुत्तों के हमले से पहाड़े की मौत

रामराज, 2 दिसम्बर (बु.)। ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर के जंगल से भटककर बस्ती की ओर आये एक पहाड़े को कुत्तों ने हमला कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया वहीं समय से उपचार न मिलने के कारण पहाड़े के दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंचे वनकर्मियों ने पहाड़े के शव का पंचनामा भरकर उसे मिट्टी में दबवा दिया। रामराज थानाक्षेत्र के ग्राम पुट्ठी इब्राहिमपुर के जंगल से भटककर बस्ती की ओर आये पहाड़े पर आवारा कुत्तों ने हमला कर गम्भीर रुप से घायल कर दिया इस दौरान पहाड़ा जान बचाकर गाँव निवासी गौरव उप्पल के मकान में घुस गया। गौरव ने किसी प्रकार कुत्तों को भगाकर पहाड़े की जान बचाई और मामले की जानकारी वन विभाग को दी। आरोप है कि सूचना के बाद वनकर्मी कई घंटे बाद मौके पर पहुंचे तब तक घायल पहाड़े ने समय से उपचार न मिलने पर दम तोड़ दिया था, जिस पर वनकर्मियों ने पहाड़े के शव का पंचनामा भरकर उसे मिट्टी में दबवा दिया। वहीं घटना को लेकर ग्रामीणों में वनकर्मियों के प्रति भारी रोष व्याप्त है। ग्रामीण मोहम्मद उमर का कहना है की यदि वन विभाग की टीम समय से पहुंचकर पहाड़े का उपचार करा देती, तो पहाड़े की जान बच सकती थी।

# पूर्व सभासद ने मीरापुर में ग्राम पंचायत मुझेड़ा द्वारा बनाई जा रही अस्थाई गौशाला को लेकर जिलाधिकारी से सूचना मांगी

**-मीरापुर के वार्ड 7 में ग्राम मुझेड़ा का रकबा दर्शाकर बनाई जा रही है अस्थाई गौशाला**
**-जबरन निर्माण को लेकर पूर्व सभासद ने ईओ,एसडीएम व जिलाधिकारी से मांगी सूचना**

मीरापुर, 02 दिसम्बर (बु.)। मीरापुर के वार्ड 7 में सरकारी अस्पताल की वर्षो से खाली पड़ी भूमि को अचानक मुझेड़ा का रकबा दर्शाकर ग्राम पंचायत मुझेड़ा द्वारा उस पर अस्थाई गौशाला बनाये जाने से पनपा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है लोगों में प्रशासन के विरुद्ध रोष पनप रहा है। मामले पर नगर पंचायत मीरापुर द्वारा चुप्पी साध लेने के बाद वार्ड-7 के पूर्व सभासद ने ईओ,एसडीएम,जिलाधिकारी व मंडल आयुक्त से सूचना के अधिकार के तहत उक्त भूमि के सम्बंध में सूचनायें मांगी है, जिससे नगर पंचायत में हड़कम्प मच गया। मीरापुर कस्बें के वार्ड-7 में इस्लामिया जामिया मदरसे के बराबर में दशकों से महिला अस्पताल की जमीन खाली पड़ी हुई है।उक्त भूमि के आसपास स्थित सभी मकानवासी व दुकानदार नगर पंचायत को करीब तीन दशकों से गृहकर व व्यापार कर देते आ रहे है, किन्तु कुछ दिन पूर्व अचानक ग्राम प्रधानपति मुझेड़ा इश्तियाक राव ने उक्त भूमि को मुझेड़ा का रकबा बताते हुए इस पर अस्थाई गौशाला का निर्माण शुरू करा दिया, जिससे मीरापुर के लोगों में आक्रोश फैल गया था तथा लोगों ने इसका विरोध एसडीएम जानसठ अभिषेक कुमार से इसकी शिकायत की थी, किंतु आरोप है कि उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई लोगों का आरोप है कि उक्त भूमि मीरापुर के रकबे की है, किंतु उसे जबरन कब्जाने की नीयत से मुझेड़ा की बताकर अस्थाई गौशाला बनाई जा रही है।उक्त मामले में नगर पंचायत बोर्ड चुप्पी साध गया है, जिसके बाद वार्ड सात के पूर्व सभासद नरेश कौशिक ने उक्त भूमि के रकबे व गौशाला के निर्माण को लेकर अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत,एसडीएम जानसठ,जिलाधिकारी व मंडलायुक्त सहारनपुर से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगी है। पूर्व सभासद ने यह भी जानकारी मांगी है कि यदि यह भूमि मुझेड़ा की है, तो इसके आसपास के लोगों से पिछले तीस वर्षो से किस नियम के अंतर्गत नगर पंचायत मीरापुर गृहकर व व्यापार कर वसूल रही है। यदि यह भूमि मीरापुर के रकबे में है, तो किस आधार पर ग्राम पंचायत मुझेड़ा इस पर गौशाला का निर्माण कर रही है। पूर्व सभासद नरेश कौशिक के सूचना मांगने से नगर पंचायत मीरापुर व अधिकारियों में हड़कम्प मच गया है।

# ट्रेन में सफर कर रहे दम्पती का पर्स चोरी

मुजफ्फरनगर, 2 दिसम्बर (बु.)। राजस्थान से हरिद्वार तीर्थयात्रा करने जा रहे दम्पती का पर्स ट्रेन में अज्ञात बदमाशों ने चोरी कर लिया। पर्स में हजारो की नकदी व अन्य सामान था। इस संबंध में मुजफ्फरनगर जीआरपी पर अज्ञात बदमाशों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करायी है। जीआरपी थाने पर दर्ज करायी गयी रिपोर्ट में राजस्थान के भरतपुर के गांव सुमली निवासी गौरव कुमार सैनी पुत्र कल्लन सिंह ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ ट्रेन में सवार होकर हरिद्वार तीर्थयात्रा पर जा रहा था। जब ट्रेन रतनाम से आगे निकली तो वह तथा उसकी पत्नी सो गये। जब सोकर उठे तो उसकी पत्नी का पर्स गायब था। जिसमें दस हजार की नकदी, महंगा मोबाइल फोन, मंगल सूत्र, घर की चाबी व मैकअप का सामान था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर चिक जांच हेतु भरतपुर जीआरपी को भेज दी है।

